**Dainik Bhaskar (02.03.2016)**

# विज्ञान जीवन को आसान बनाता है : प्रो. कुमार



**फरीदाबाद.** वाईएमसीए कॉलेज में आयोजित सेमिनार में भाग लेते शिक्षक।

**भास्कर न्यूज | फरीदाबाद**

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा देश के पहले नोबल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक भारत रत्न सर सीवी रमन की स्मृति में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। विज्ञान भारती के संस्थापक अध्यक्ष व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डा. आरएमपी जैसवाल व कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित किया। महान वैज्ञानिक डा. सीवी रमन को श्रद्धांजलि देते हुए डा. जैसवाल ने एक वैज्ञानिक के रूप में सर सीवी रमन के जीवन संघर्ष के बारे में बताया। विद्यार्थियों को उनके जीवन की उपलब्धि 'रमन प्रभाव' से प्रेरित किया। उन्होंने कहा डा. रमन को दुनिया भर में उनके प्रकाश के विवर्तन के शोध के लिए पहचाना जाता है। वे युवाओं के लिए सही मायने में प्रेरणा हैं। इन्होंने जीवन की विषम परिस्थिति एवं बाधाओं के बावजूद जीवन में सफलता हासिल की। विद्यार्थियों को नोबल पुरस्कार विजेता ऐसे महान वैज्ञानिक सीख लेनी चाहिए। विज्ञान दिवस के महत्व पर बोलते हुए कुलपति प्रो. कुमार ने कहा कि विज्ञान हमारे दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ-साथ इसे आसान बनाता है। इस मौके पर इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के चेयरमैन डा. मनीष वशिष्ठ व प्रवीन कुमार भी मौजूद थे।

Dainik Jagran (02.03.2016)



सर सीवी रमन की स्मृति में आयोजित व्याख्यान के दौरान उपस्थित वाइएमसीए यूनिर्विसटी के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार अग्रवाल व विद्यार्थी। जागरण

# रमन की स्मृति में व्याख्यान

**जासं, फरीदाबाद:** वाइएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से देश के पहले नोबल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक भारत रत्न सर सीवी रमन की स्मृति में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। विज्ञान भारती, हरियाणा के संस्थापक अध्यक्ष तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. आरएमपी जैसवाल कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित थे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने भी छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. प्रदीप कुमार ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के चेयरमैन डॉ. मनीष वशिष्ठ तथा प्रवीन कुमार उपस्थित थे।

**Punjab Kesari (02.03.2016)**

हरियाणा केसरी

## पहली नजर



वाईएमसीए विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा. आर एम पी जैसवाल। (छाया : सुरेश)

# सी.वी. रमन की स्मृति में व्याख्यान

**बल्लभगढ़,** (सुरेश ): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद द्वारा देश के पहले नोबल पुरूस्कार विजेता वैज्ञानिक भारत रत्न सी वी रमन की स्मृति में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। विज्ञान भारती, हरियाणा के संस्थापक अध्यक्ष तथा कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ आर एम पी जैसवाल कार्यक्रम के मुख्य वक्त रहे। कार्यक्रम को कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने भी संबोधित किया। डॉ जैसवाल ने कहा कि डॉ रमन को दुनिया भर में उनके प्रकाश के विवर्तन के शोध के लिए पहचाना जाता है। वे युवाओं के लिए सही मायने में प्रेरणा हैं, जिन्होंने जीवन की विषम परिस्थिति एवं बाधाओं के बावजूद जीवन में सफलता हासिल की। कार्यक्रम में डॉ प्रदीप कुमार, डॉ मनीष वशिष्ठ तथा प्रवीन कुमार उपस्थित थे।

**Punjab Kesari (D) (02.03.2016)**

# 'अनुसंधानों से करें विज्ञान का विकास'

## ■ भारत रत्न सी वी रमन की याद में व्याख्यान का आयोजन



वाईएमसीए में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते छात्र व अतिथि।

फरीदाबाद, 1 मार्च (सूरजमल): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा देश के पहले नोबल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक भारत रत्न सर सी वी रमन की स्मृति में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

विज्ञान भारती, हरियाणा के संस्थापक अध्यक्ष तथा कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ आर एम पी जैसवाल कार्यक्रम के मुख्य वक्त रहे। कार्यक्रम को कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने भी संबोधित किया।

महान वैज्ञानिक डॉ सी वी रमन को श्रद्धांजलि देते हुए डॉ जैसवाल ने एक वैज्ञानिक के रूप में सर सी वी रमन के जीवन संघर्ष को विस्तार से बताया तथा विद्यार्थियों को उनके जीवन की उपलब्धि 'रमन प्रभाव' से प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि डॉ रमन को दुनिया भर में उनके प्रकाश के विवर्तन के शोध के लिए पहचाना जाता है।

वे युवाओं के लिए सही मायने में प्रेरणा है, जिन्होंने जीवन की विषम परिस्थिति एवं बाधाओं के बावजूद जीवन में सफलता हासिल की। विद्यार्थियों को नोबल पुरस्कार विजेता ऐसे महान वैज्ञानिक सीख लेनी चाहिए।

विज्ञान दिवस के महत्व पर बोलते हुए कुलपति प्रो कुमार ने कहा कि विज्ञान हमारे दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ-साथ इसे आसान बनाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान के विकास तथा नये अनुसंधान करने करने के लिए प्रेरित कर इस पर जोर दिया।

पंजाब केसरी ई-पेपर Wed, 02 March 2016
epaper.punjabkesari.in/c/8886366

**Hindustan Hindi (02.03.2016)**

# डॉ. सीवी रमन से प्रेरणा लें युवा

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में मंगलवार को नोबल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक सीवी रमन की स्मृति में व्याख्यान का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर विज्ञान भारती, हरियाणा के संस्थापक अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. आरएमपी जैसवाल मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंचे। भारत रत्न सीवी रमन को श्रद्धांजलि देने के बाद मुख्य वक्ता ने उ उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। संयोजक डॉ. प्रदीप कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के चेयरमैन डॉ. मनीष वशिष्ठ और प्रवीण कुमार भी मौजूद रहे।

Amar Ujala (02.03.2016)

# रमन की स्मृति में व्याख्यान

**जासं, फरीदाबाद:** वाइएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से देश के पहले नोबल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक भारत रत्न सर सीवी रमन की स्मृति में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। विज्ञान भारती, हरियाणा के संस्थापक अध्यक्ष तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. आरएमपी जैसवाल कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित थे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने भी छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. प्रदीप कुमार ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के चेयरमैन डॉ. मनीष वशिष्ठ तथा प्रवीन कुमार उपस्थित थे।